# आठ लाख करोड़ के एमओयू के साथ होगा भूमि पूजन समारोह

अमर उजाला ब्यूरो

## वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद अब भूमि पूजन समारोह की तैयारियों में जुटी सरकार

**लखनऊ।** वैश्विक निवेशक सम्मेलन के जरिए 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव के बाद अब सरकार निवेश को धरातल पर लाने की तैयारी कर रही है। सितम्बर-अक्तूबर में प्रस्तावित भूमि पूजन समारोह के लिए करीब 8 हजार निवेशकों से संपर्क किया गया है जबकि 8 लाख करोड़ रुपये के पांच हजार से अधिक एमओयू को चुन लिया गया है।

प्रदेश में निवेश की नोडल इकाई इन्वेस्ट यूपी द्वारा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को बताया गया कि सभी विभागों की मदद से अभी तक 5700 से अधिक एमओयू भूमि पूजन समारोह के लिए छांटे गए हैं। ये सभी कुल करीब 7.86 लाख करोड़ रुपए के हैं। वहीं इकाई द्वारा 7,800 से अधिक निवेशकों से संपर्क किया गया है, ताकि वे अपने निवेश की तैयारी शुरू कर सकें। करीब 1200 एमओयू ऐसे हैं, जिन्होंने भूमि पूजन समारोह के लिए अपने प्रोजेक्ट भी तैयार कर लिए हैं। इन प्रोजेक्ट की कुल लागत करीब 72 हजार करोड़ रुपए है। संभावना है कि भूमि पूजन समारोह तक 10 लाख करोड़ के निवेश लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा।

### विभागों को दिया लक्ष्य

भूमि पूजन समारोह के लिए जिन एमओयू के प्रोजेक्ट तैयार हैं, उनमें सर्वाधिक 30 हजार करोड़ से अधिक के 471 एमओयू यूपीसीडा से संबंधित हैं। करीब 15 हजार करोड़ के 69 एमओयू जीनीडा, कोऑपरेटिव डिपार्टमेंट के करीब 7 हजार करोड़ के 169 एमओयू, यूपीडा के 4600 करोड़ से अधिक के 35 एमओयू का प्रोजेक्ट तैयार है।

# फार्मा पार्क के लिए 50 कंपनियां आगे आईं

**लखनऊ।** प्रदेश के नए औद्योगिक केंद्र के रूप में बुंदेलखंड लगातार मजबूत हो रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के बाद इस क्षेत्र को मैन्यूफैक्चरिंग गढ़ बनाने की तैयारी हो चुकी है। एक तरफ झांसी में 15 हजार एकड़ की औद्योगिक सिटी मंजूर हो चुकी है। दूसरी तरफ ललितपुर के फार्मा पार्क में 50 कंपनियों ने प्रस्ताव दिया है। ललितपुर में बनने जा रहे फार्मा पार्क में मेडिकल उपकरण के बजाय दवाएं तैयार होंगी। पहले चरण में करीब 750 एकड़ का पार्क तैयार किया जाएगा। फार्मा पार्क के लिए 50 से ज्यादा कंपनियों के प्रस्ताव अभी तक आ चुके हैं। इन कंपनियों के साथ एमओयू भी हो चुका है। छह महीने के अंदर ज्यादातर प्रस्ताव धरातल पर जाएंगे। फार्मा पार्क के कुछ प्रस्ताव को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लाने की तैयारी चल रही है। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुंदेलखंड में बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि और पर्यटन के बाद फोकस का अगला चरण मैन्यूफैक्चरिंग पर है। झांसी में 15 हजार एकड़ की औद्योगिक सिटी तैयार की जा रही है। झांसी और ललितपुर एयरपोर्ट को विमानपत्तन प्राधिकरण ने ले लिया है। निवेशकों को खींचने के लिए दोनों हवाई अड्डों को अपग्रेड किया जाएगा। ब्यूरो